JAC

HNA

पृष्ठों की कुल संख्या : 12
Total No. of pages : 12

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्

# SECONDARY ANNUAL EXAMINATION, 2023

## QUESTION BOOKLET – A

## ( MCQ Type )

## हिन्दी - ( ए ) / HINDI - ( A )

**समय :** 1 घंटा 30 मिनट — **पूर्णांक** : 40

**Time :** 1 Hr. 30 Min. — Full Marks : 40

- इस विषय की दो प्रश्न पुस्तिकाएँ हैं। **प्रश्न पुस्तिका-(A)** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं तथा **प्रश्न पुस्तिका-(B)** विषयनिष्ठ प्रश्न (प्रश्न-सह-उत्तर-पुस्तिका) है।

  **प्रश्न पुस्तिका-(A)** के बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर आपको पहले हल करना है तथा उसके उपरान्त आप **प्रश्न पुस्तिका-(B)** (प्रश्न-सह-उत्तर-पुस्तिका) को हल करेंगे। परीक्षार्थी को **11:20 पूर्वाह्न से 11:25 पूर्वाह्न** की अवधि में **प्रश्न पुस्तिका-(B)** उपलब्ध कराया जाएगा।

- This subject consists of **two** Question Booklets. **Question Booklet-(A)** is of MCQ type of questions and **Question Booklet-(B)** is of Subjective type of questions (Question-cum-Answer Booklet).

  **Question Booklet-(A)** MCQ Type has to be answered first and then **Question Booklet-(B)** (Question-cum-Answer Booklet). **Question Booklet-(B)** will be provided to candidate between **11:20 A.M.** to **11:25 A.M.**

**सामान्य निर्देश / GENERAL INSTRUCTIONS :**

1. **प्रश्न पुस्तिका-(A)** बहुविकल्पीय प्रश्न पर आधारित है। परीक्षार्थी सर्वप्रथम इसका उत्तर हल करेंगे।

   **समय — 9:45 पूर्वाह्न से 11:20 पूर्वाह्न।**

   This **Question Booklet-(A)** is of MCQ Type of questions. The candidate must answer this Booklet first.

   **Time — 9:45 A.M. to 11:20 A.M.**



https://www.jharkhandboard.com

खण्ड - क ( अपठित गद्यांश एवं काव्यांश )

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या **1** से **4** तक के लिए सही विकल्प का चयन करें :

हम जिस तरह भोजन करते हैं, गाछ-बिरछ भी उसी तरह भोजन करते हैं । हमारे दाँत हैं, कठोर चीज खा सकते हैं । नन्हें बच्चों के दाँत नहीं होते, वे केवल दूध पी सकते हैं । गाछ-बिरछ के भी दाँत नहीं होते, इसलिए वे केवल तरल द्रव्य या वायु से भोजन ग्रहण करते हैं । गाछ-बिरछ जड़ के द्वारा माटी से रसपान करते हैं । चीनी में पानी डालने पर चीनी गल जाती है । माटी में पानी डालने पर उसके भीतर बहुत-से द्रव्य गल जाते हैं । गाछ-बिरछ वे ही तमाम द्रव्य सोखते हैं । जड़ों को पानी न मिलने पर पेड़ का भोजन बंद हो जाता है, पेड़ मर जाता है ।

1. 'गाछ-बिरछ' का क्या अर्थ होता है ?

   (1) फल-फूल (2) पेड़-पौधे

   (3) घास-पात (4) मिट्टी-पानी

2. 'गाछ-बिरछ' के क्या नही होते ?

   (1) पत्ते (2) फूल

   (3) फल (4) दाँत

3. 'गाछ-बिरछ' किसके द्वारा माटी से रसपान करते हैं ?

   (1) जड़ के द्वारा (2) तना के द्वारा

   (3) पत्तों के द्वारा (4) टहनी के द्वारा

4. पेड़ कब मर जाता है ?

   (1) मिट्टी न मिलने पर (2) दवा न मिलने पर

   (3) पानी न मिलने पर (4) खाद न मिलने पर



https://www.jharkhandboard.com

**निर्देश :** प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न **संख्या 5 से 8 तक के लिए सही विकल्प का** चयन करें :

लक्ष्य तक पहुँचे बिना, पथ में पथिक विश्राम कैसा ।
लक्ष्य है अति दूर, दुर्गम मार्ग भी हम जानते हैं,
किन्तु पथ के कंटकों को हम सुमन भी मानते हैं,
जब प्रगति का नाम जीवन, यह अकाल विराम कैसा ।
**लक्ष्य तक ......**

धनुष से जो छूटता है बाण कब मग में ठहरता ।
देखते ही देखते वह लक्ष्य का ही वेध करता
लक्ष्य प्रेरित बाण हैं हम, ठहरने का काम कैसा ।
लक्ष्य तक .......

बस वही है पथिक जो पथ पर निरंतर अग्रसर हो,
हो सदा गतिशील जिसका लक्ष्य प्रतिक्षण निकटतर हो ।
हार बैठे जो डगर में पथिक उसका नाम कैसा ।
लक्ष्य तक .........

बाल रवि की स्वर्ण किरणें निमिष में भू पर पहुँचतीं
कालिया का नाश करतीं ज्योति जगमग जगत धरती
ज्योति के हम पुँज फिर हमको अमा से भीति कैसा ।
**लक्ष्य तक ........**

5. धनुष से छूटा हुआ बाण क्या करता है ?

(1) लक्ष्य भेद (2) प्रभेद

(3) अभेद (4) अभेद्य



https://www.jharkhandboard.com

6. लक्ष्य के पथिक कंटकों को क्या मानते हैं ?

(1) पत्ते (2) फल

(3) पौधे (4) फूल

7. बाल रवि की किरणें कैसी होती हैं ?

(1) रजत (2) हरित

(3) स्वर्ण (4) श्याम

8. कहाँ तक पहुँचे बिना पथिक को विश्राम नहीं करना चाहिए ?

(1) घर (2) लक्ष्य

(3) बाजार (4) धर्मशाला

**खण्ड - ख ( व्याकरण )**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन करें :

9. जिस वाक्य में कर्त्ता और क्रिया उपस्थित हों, वह कौन-सी क्रिया होती है ?

(1) अकर्मक (2) सकर्मक

(3) द्विकर्मक (4) प्रेरणार्थक

10. 'बच्चा पुस्तक पढ़ रहा है' – कौन क्रिया है ?

(1) अकर्मक (2) सकर्मक

(3) द्विकर्मक (4) प्रेरणार्थक

11. 'किसान खेत जोत रहा है' – इसमें क्रियापद कौन है ?

(1) किसान (2) खेत

(3) जोत (4) जोत रहा है



https://www.jharkhandboard.com

JAC

12. कौन-सा वाक्य अकर्मक क्रिया का उदाहरण है ?

(1) रमेश हँस रहा है (2) माँ भोजन बना रही है

(3) वह गीत गा रहा है (4) मैं शरबत पी रहा हूँ

13. 'अंबर' का एक अर्थ होता 'वस्त्र' और दूसरा

(1) आकाश (2) सागर

(3) पाताल (4) पोशाक

14. निम्न में से कौन 'श्वेत' का अनेकार्थी शब्द नहीं है ?

(1) सफेद (2) श्याम

(3) उजला (4) सफेदी

15. निम्न में से कौन-सा शब्द समुच्चयबोधक अव्यय शब्द है ?

(1) धीरे-धीरे (2) अरे

(3) अथवा (4) वाह

16. 'पता नहीं वह ............ चला गया ।' सही अव्यय पद चुनें :

(1) यहाँ (2) वहाँ

(3) तब (4) कब

17. 'शिक्षक चाहते हैं कि उनके विद्यार्थी अच्छा बनें' – यह कौन वाक्य है ?

(1) सरल (2) मिश्र

(3) संयुक्त (4) उपवाक्य



https://www.jharkhandboard.com

18. 'प्रतिदिन' कौन समास है ?

(1) अव्ययीभाव (2) तत्पुरुष

(3) द्विगु (4) बहुव्रीहि

19. निम्न में से बहुव्रीहि समास कौन है ?

(1) शरणागत (2) दिन-रात

(3) लम्बोदर (4) पंचवटी

20. 'पक्षी आकाश में उड़ेंगे' – यह कौन वाच्य है ?

(1) कर्त्तृवाच्य (2) कर्मवाच्य

(3) भाववाच्य (4) इनमें से कोई नहीं

## खण्ड - ग ( पाठ्यपुस्तक )

**निर्देश :** प्रस्तुत पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों में से सही विकल्प का चयन करें :

बालगोबिन भगत की संगीत-साधना का चरम उत्कर्ष उस दिन देखा गया जिस दिन उनका बेटा मरा । इकलौता बेटा था वह । कुछ सुस्त और बोदा-सा था, किन्तु इसी कारण बालगोबिन भगत उसे और भी मानते ।

21. बालगोबिन भगत का बेटा कितना था ?

(1) एक (2) दो

(3) तीन (4) चार



https://www.jharkhandboard.com

22. बालगोबिन भगत का बेटा कैसा था ?

(1) सुस्त (2) दुरुस्त

(3) तंदुरुस्त (4) सुस्त और बोदा-सा

फादर को जहरबाद से नहीं मरना चाहिए था । जिसकी रगों में दूसरों के लिए मिठास भरे अमृत के अतिरिक्त और कुछ नहीं था उसके लिए इस जहर का विधान क्यों ? https://www.jharkhandboard.com

23. फ़ादर बुल्के की मृत्यु किस रोग से हुई ?

(1) जहरबाद से (2) तपेदिक से

(3) कैंसर से (4) ज्वर से

24. 'विधान' का क्या अर्थ होता है ?

(1) विधा (2) विद्या

(3) विघ्न (4) नियम

**निर्देश :** प्रस्तुत पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गये प्रश्न में से सही विकल्प का चयन करें :

हमारैं हरि हारिल की लकरी ।

मन-क्रम बचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी ।

जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जक री ।।



https://www.jharkhandboard.com

25. गोपियों की दशा किस पक्षी की तरह हो गई है ?

(1) हारिल (2) हरित्र

(3) हिरण (4) कपोत

26. यहाँ 'नंद-नंदन' किसे कहा गया है ?

(1) उद्धव को (2) अक्रूर को

(3) सुदामा को (4) कृष्ण को

घेर घेर घोर गगन, धाराधर ओ !

ललित ललित, काले घुँघराले,

बाल कल्पना के - से पाले ।

27. यह पद्यांश किस कविता का अंश है ?

(1) आत्मकथ्य (2) कन्यादान

(3) उत्साह (4) अट नहीं रही है

28. कवि बादल को क्या घेरने को कह रहे हैं ?

(1) पूरा आकाश (2) जंगल

(3) सागर (4) पहाड़



https://www.jharkhandboard.com

29. कैप्टन कौन था ?

(1) सैनिक (2) चश्मा बेचने वाला

(3) मिठाई बेचने वाला (4) घूमने वाला

30. लेखक ने खीरा खाने से क्यों इंकार कर दिया था ?

(1) आत्मसम्मान की रक्षा के लिए

(2) खाने की इच्छा नहीं थी

(3) घमण्डी होने के कारण

(4) दूसरों की चीज खाना पसंद नहीं था ।

31. बिस्मिल्ला खाँ क्या बजाते थे ?

(1) बाँसुरी (2) सितार

(3) शहनाई (4) वीणा

32. लेखिका ( मन्नू भंडारी ) का बचपन किस शहर में बीता ?

(1) कानपुर (2) अजमेर

(3) जयपुर (4) जैसलमेर

33. परशुराम के गुरु कौन थे ?

(1) शिव (2) ब्रह्मा

(3) विष्णु (4) गणेश



https://www.jharkhandboard.com

34. कवि नागार्जुन मैथिली में किस नाम से प्रतिष्ठित हैं ?

(1) यात्रा (2) यात्री

(3) बाबा (4) भक्ति

35. 'मृगतृष्णा' का अर्थ है

(1) छलावा (2) हिरण

(3) मृग की प्यास (4) दिखावा

36. मुख्य गायक की आवाज़ कैसी थी ?

(1) हल्की-फुल्की (2) लड़की जैसी

(3) चट्टान जैसी भारी (4) पतली

37. भोलानाथ के सिर में क्या थी ?

(1) तेज दर्द (2) छोटो-छोटे बाल

(3) लंबी-लंबी जटाएँ (4) घुंघराले बाल

38. कभी-कभी बच्चे किसका जुलूस निकालते थे ?

(1) नारेबाजी का (2) बारात का

(3) संगीत का (4) खेल का


https://www.jharkhandboard.com

JAC

39. जॉर्ज पंचम की लाट कहाँ स्थित थी ?

(1) आगरा (2) कोलकाता

(3) बम्बई (4) दिल्ली ।

40. 'गंगटोक' नगर किस राज्य की राजधानी है ?

(1) सिक्किम (2) असम

(3) अरुणाचल (4) मिजोरम ।

https://www.jharkhandboard.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.jharkhandboard.com